राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा) विभाग परीक्षा, 2023 के आवेदकों के आवेदन पत्रों की जांच के दौरान यह तथ्य आयोग के संज्ञान में आया है कि कुल 2,01,136 आवेदकों में से 297 आवेदकों द्वारा चार या चार से अधिक विषयों में आवेदन किया है।

इतना ही नहीं 54 आवेदकों ने तो पांच से अधिक विषयों में स्वयं को अधिस्नातक (Post Graduate) बताते हुए आवेदन किया है। पांच अभ्यर्थियों ने 26 से अधिक विषयों में आवेदन किया है एवं दो अभ्यर्थियों ने तो समस्त 48 विषयों में स्वयं को अधिस्नातक (Post Graduate) बताते हुए आवेदन किया है।

समस्त 48 विषयों में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों से उनके द्वारा आवेदन पत्र में दिए गए मोबाइल नम्बर पर सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा वार्ता करने पर ज्ञात हुआ कि Post Graduate योग्यता के सम्बंध में उनके द्वारा अंकित किए गए तथ्य पूर्णतः भ्रामक और असत्य हैं।

इस प्रकार के असत्य आवेदनों के कारण परीक्षा आयोजन में गम्भीर बाधा उत्पन्न होकर परीक्षा तिथि निर्धारण में विलम्ब होता है, अतः आयोग ऐसे समस्त अभ्यर्थियों को प्रथम दृष्टया संदिग्ध मानते हुए उनके विरूद्ध विधि सम्मत कार्यवाही कर रहा है।

दिनांकः 14.09.2023

(रामनिवास मेहता)
सचिव